दिन— रविवार दिनांक— 26 / 07 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः— प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः— 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में देश और विदेश के लोगों से अपने विचार साझा करेंगे।

02. केन्द्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी को शिक्षा मंत्रालय का मिला प्रभार। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा स्वीकार किया।

03. प्रदेश में बसेरा—दो अभियान के अन्तर्गत पांच हजार चार सौ छियालीस भूमिहीन परिवारों के बीच बासगीत पर्चा वितरित।

04. और, देश आज करगिल विजय दिवस मना रहा है। राजधानी पटना समेत प्रदेश के अलग—अलग हिस्सों में शहीदों को दी जा रही है श्रद्धांजलि।

————————————————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में देश और विदेश के लोगों से अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की एक सौ छत्तीसवीं कड़ी होगी। कार्यक्रम का प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के सभी चैनलों, एआईआर न्यूज़ की वेबसाइट और न्यूज़ ऑन एआईआर मोबाइल ऐप पर किया जाएगा। साथ ही, एआईआर न्यूज़, डीडी न्यूज़, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी इसका सीधा प्रसारण होगा। मन की बात कार्यक्रम का प्रसारण प्रसार भारती के ओटीटी प्लेटफार्म वेव्स पर भी सुना जा सकता है। इसके तुरंत बाद मैथिली भाषा में इसका प्रसारण आकाशवाणी के दरभंगा केन्द्र से किया जायेगा। इसी प्रसारण को दोबारा रात्रि आठ बजे से भी सुना जा सकता है।

————————————————————

केंद्रीय मंत्री प्रल्हाद जोशी को नया शिक्षा मंत्री बनाया गया है। उन्हें उनके मौजूदा विभागों के साथ—साथ शिक्षा मंत्रालय की अतिरिक्त जिम्मेदारी सौंपी गई है। प्रल्हाद जोशी फिलहाल उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण तथा नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय का कार्यभार संभाल रहे हैं। श्री जोशी ने कहा कि वह नई जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा के साथ निभायेंगे।

———साउंड बाईट———

इस बीच, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का केंद्रीय मंत्रिपरिषद से इस्तीफा तत्काल प्रभाव से स्वीकार कर लिया है।

———————————————————————

केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा और डॉक्टर जितेंद्र सिंह ने कल नई दिल्ली में शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर चल रहे आंदोलन के समाप्त होने के बाद सीजेपी प्रतिनिधिमंडल के साथ तीसरे दौर की वार्ता की। वार्ता के दौरान परीक्षा व्यवस्था में सुधार और पेपर लीक रोकने के उपायों पर विस्तार से चर्चा हुई। संयुक्त प्रेस वार्ता के बाद केंद्रीय मंत्री श्री नड्डा ने बताया कि सरकार ने सीजेपी की मांगों पर सहमति जताई है। उन्होंने कहा कि प्रदर्शनकारियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जाएगी और उनके विरुद्ध कोई प्राथमिकी दर्ज नहीं की जाएगी। यदि किसी प्रदर्शनकारी के खिलाफ पहले से प्राथमिकी दर्ज है, तो उसे वापस लिया जाएगा और उसकी प्रतियां भी उपलब्ध कराई जाएंगी। केन्द्रीय मंत्री ने नीट–यूजी पेपर लीक के बाद आत्महत्या करने वाले अभ्यर्थियों के परिवारों को मुआवजे के मुद्दे पर कहा कि सरकार की पूरी संवेदना उनके साथ है। नियमों के अनुसार अधिकतम संभव सहायता दी जाएगी।

परीक्षा सुधारों को लेकर सीजेपी की ओर से दिए गए पांच सूत्रीय सुझावों पर केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सरकार इन पर गंभीरता से विचार करेगी और सीजेपी के साथ चर्चा के बाद आगे की कार्रवाई करेगी। वहीं, सीजेपी के मुख्य प्रवक्ता सौरव दास ने कहा कि सहमति की शर्तों को तय समय सीमा में लागू किए जाने की उम्मीद के साथ आंदोलन वापस लिया गया है।

———————————————————————

केन्द्र सरकार कल लोकसभा में लोक परीक्षा, अनुचित साधनों की रोकथाम संशोधन विधेयक, दो हजार छब्बीस पेश करेगी। केंद्रीय मंत्री डॉक्टर जितेन्द्र सिंह इस विधेयक को सदन में प्रस्तुत करेंगे। इसका उद्देश्य लोक परीक्षा, अनुचित साधनों की रोकथाम अधिनियम, दो हजार चौबीस में संशोधन करना है। इससे पहले केंद्रीय मंत्रिमंडल ने प्रश्नपत्र लीक और परीक्षा में अनियमितताओं के मामलों में त्वरित सुनवाई के लिए फास्ट–ट्रैक अदालतों की स्थापना को मंजूरी दे दी है।

———————————————————————

राज्यपाल सह कुलाधिपति लेफ्टिनेंट जनरल सेवानिवृत्त सैयद अता हसनैन ने राज्य के विश्वविद्यालय और कॉलेजों के शिक्षकों की प्रोन्नति के लिए नई नियमावली को मंजूरी दे दी है। इस नई व्यवस्था में शिक्षकों को न्यूनतम सत्तर प्रतिशत कक्षाएं लेना अनिवार्य होगा। प्रोन्नति के नये मापदंडो के अनुसार शिक्षण कार्य के मूल्यांकन में अस्सी प्रतिशत या उससे अधिक कक्षाएं लेने पर ए ग्रेड मिलेगा, जबकि सत्तर से अस्सी प्रतिशत के बीच कक्षाओं में अपनी सेवा देने पर संतोषजनक ग्रेड शिक्षकों को मिलेगा। प्रत्येक स्तर पर पदोन्नति के लिए संबंधित वर्षों का वार्षिक कार्य मूल्यांकन प्रतिवेदन,

एपीएआर में संतोषजनक और अच्छा ग्रेड तथा स्क्रीनिंग सह चयन समिति की अनुशंसा अनिवार्य होगी।

————————————————————————

बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव को लेकर भाजपा, राजद और जनसुराज समेत विभिन्न दलों ने प्रचार प्रसार तेज कर दिया है। इसी सिलसिले में एनडीए की ओर से कल भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीन नवीन रोड शो करेंगे। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने बताया कि उनका रोड शो भट्टाचार्य मोड़ से शुरू होकर विभिन्न मार्गों से गुजरते हुये उद्योग भवन के पास समाप्त होगा। इधर, जनशक्ति जनता दल प्रमुख तेज प्रताप यादव ने जनसुराज के प्रत्याशी प्रशांत किशोर को समर्थन देने की घोषणा की है। वही, राजद और जनसुराज के प्रत्याशी भी सघन जनसंपर्क अभियान चला रहे हैं।

————————————————————————

सीवान जिले में परमाणु बिजली घर का निर्माण किया जायेगा। जल संसाधन विभाग के अभियंता प्रमुख ब्रजेश मोहन ने बताया कि जिले के दरौली में बनने वाले परमाणु बिजली घर को घाघरा नदी से अस्सी मिलियन क्यूबिक मीटर पानी मिलेगा। अभियंता प्रमुख ने बताया कि बिजली घर को अतिरिक्त पानी की आवश्यकता होने पर अलग से एनओसी लेना होगा। उन्होंने कहा कि जिले में सात सौ मेगावाट की दो इकाई का निर्माण किया जाना है। इसके लिए न्यूक्लियर पावर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड ने पानी देने की मांग की थी। गौरतलब है कि बांका में बनने वाले परमाणु बिजली घर के लिए पहले ही पानी की व्यवस्था कर दी गयी है।

————————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज शाम साढ़े चार बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विकसित वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम–दो हजार छब्बीस के प्रतिभागियों से संवाद करेंगे। इस दौरान देश के सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों का प्रतिनिधित्व कर रहे चार सौ से अधिक युवा प्रधानमंत्री के साथ बातचीत करेंगे। विकसित वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम का आयोजन पिछले महीने चार से तीस जून तक दो चरणों में किया गया था। कार्यक्रम में तीन लाख से अधिक युवा शामिल हुये थे। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों ने स्थानीय समुदायों के साथ रहकर स्वच्छता अभियान, सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूकता अभियान, युवा सम्मेलन, सांस्कृतिक आदान–प्रदान, वृक्षारोपण और मिनी मॉडल पंचायत जैसी गतिविधियों में भाग लिया। उन्होंने स्थानीय कारीगरों से संवाद किया और सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण संस्थानों का भी दौरा किया।

————————————————————————

प्रदेश में बसेरा–दो अभियान के अन्तर्गत पांच हजार चार सौ छियालीस भूमिहीन परिवारों के बीच वासगीत पर्चा वितरित किया गया है। राजस्व और भूमि सुधार मंत्री डॉक्टर दिलीप कुमार जायसवाल ने बताया कि पन्द्रह अगस्त तक राज्य में तीस हजार भूमिहीन परिवारों के बीच बासगीत पर्चा वितरण का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार भूमिहीन परिवारों को सम्मानजनक जीवन और सुरक्षित आवास के संकल्प पर काम कर रही है। इधर, गया जिले में चार सौ सात, नालंदा में तीन सौ अठहत्तर, पटना में तीन सौ तिरेसठ, अरवल में चालीस परिवारों समेत कई जिलों में महादलित और भूमिहीन परिवारों के बीच बासगीत पर्चा का वितरण किया गया।

———————————————————————

करगिल विजय दिवस आज पूरे देश में मनाया जा रहा है। इस अवसर पर उन्नीस सौ निन्यानवे के करगिल युद्ध में देश की रक्षा करते हुए सर्वोच्च बलिदान देने वाले भारतीय सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी। यह दिन ऑपरेशन विजय की सफल और करगिल युद्ध में पाकिस्तान पर भारत की ऐतिहासिक विजय का प्रतीक है। इस अभियान के दौरान, भारतीय सशस्त्र बलों ने जम्मू और कश्मीर के करगिल जिले में उन क्षेत्रों को वापस हासिल किया था, जिन पर पाकिस्तानी सैनिकों और आतंकवादियों ने घुसपैठ की थी। मुख्य कार्यक्रम लद्दाख के द्रास स्थित कारगिल युद्ध स्मारक में आयोजित किया जा रहा है।

करगिल विजय दिवस के अवसर पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने देश की रक्षा में सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इधर, राजधानी पटना समेत प्रदेश के अलग–अलग हिस्सों में करगिल विजय दिवस पर श्रद्धांजलि कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। सशस्त्र सीमा बल, सीमांत मुख्यालय पटना द्वारा शहीद अधिकारी किशोर कुणाल की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया है। गौरतलब है कि राज्य के अठारह वीर जवानों ने इस युद्ध में अपना बलिदान दिया था।

———————————————————————

मानसून की सक्रियता से प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में बारिश का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग ने आज सुपौल, अररिया, किशनगंज, रोहतास, भभुआ और औरंगाबाद समेत राज्य के उत्तर–पूर्व और दक्षिण–पश्चिम भागों में कई स्थानों पर तेज हवा के साथ बारिश का अलर्ट जारी किया है। इस दौरान कुछ स्थानों पर वज्रपात हो सकता है।

———साउंड बाइट———

विभाग की रिपोर्ट के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान पटना, वैशाली, गोपालगंज, पूर्वी चम्पारण, पश्चिमी चम्पारण, सीतामढ़ी और दरभंगा समेत कई जिलों में

तेज बारिश रिकॉर्ड की गयी। पटना के फुलवारीशरीफ में सबसे अधिक तिरेपन दशमलव छह मिलीमीटर वर्षा हुई है।

———————————————————————

महाराष्ट्र शिक्षक पात्रता परीक्षा–टीईटी पेपर लीक मामले के मुख्य आरोपी बिजेंद्र कुमार गुप्ता और उसके सहयोगी इंद्रजीत विनय कुमार सिंह को भिवंडी की एक अदालत ने तीस जुलाई तक पुलिस हिरासत में भेज दिया है। दोनों को कल पुलिस ने समस्तीपुर जिले से गिरफ्तार किया है।

———————————————————————

बाबा साहेब भीम राव अम्बेदकर बिहार विश्वविद्यालय ने बिहार बंद को देखते हुये बैचलर ऑफ यूनानी मेडिसिन एंड सर्जरी की वार्षिक परीक्षा दो अगस्त को लेने की घोषणा की है। परीक्षा नियंत्रक प्रोफेसर राम कुमार ने बताया कि पहले यह परीक्षा पच्चीस जुलाई को होनी थी।

———————————————————————

गृह विभाग ने सिवान जिले में कानून–व्यवस्था और शांति बनाए रखने के लिए सोशल मीडिया सेवाओं पर रोक लगाई है। यह रोक आज शाम साढ़े पांच बजे तक प्रभावी रहेगा।

———————————————————————

कटिहार जिला के बारसोई अंचल के बलतर पंचायत के राजस्व कर्मचारी रवि कांत रंजन को जिलाधिकारी आशुतोष द्विवेदी ने भ्रष्टाचार के आरोप में निलंबित कर दिया है। जिलाधिकारी ने बताया कि राजस्व कर्मचारी के विरुद्ध लगातार शिकायत आ रही थी।

———————————————————————

पटना जिले के जक्कनपुर थाना क्षेत्र से साइबर थाने की पुलिस ने एक साइबर ठग को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार उस पर तैंतालीस साइबर ठगी के मामले दर्ज हैं।

———————————————————————

पटना के मसौढ़ी व्यवहार न्यायालय की एक अदालत ने हत्या के आरोप में पिता–पुत्र को आजीवन कारावास के साथ दस–दस हजार रूपये जुर्माने की सजा सुनायी है।

———————————————————————

शेखपुरा जिला अधिवक्ता संघ के द्विवर्षिक चुनाव में वरीय अधिवक्ता चंद्रमौली यादव अध्यक्ष पद पर निर्वाचित हुये हैं। वहीं, विनोद कुमार सिंह महासचिव और शकील अहमद कोषाध्यक्ष पद पर विजयी हुये हैं।

———————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान के इस्तीफे की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है– धर्मेन्द्र प्रधान का इस्तीफा, सीजेपी का प्रदर्शन खत्म।

दैनिक जागरण ने इसी खबर पर लिखा है– धर्मेन्द्र प्रधान ने दिया शिक्षा मंत्री पद से इस्तीफा, सीजेपी का आन्दोलन खत्म।

प्रभात खबर ने मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के हवाले से लिखा है– यह सरकार आपकी, हम आपके सेवक, हर फैसला जनता के हित में।

दैनिक भास्कर की विशेष खबर है – चौथे साल टैक्स भरने में कम्पनियों से आगे आम करदाता।

राष्ट्रीय सागर के शब्द हैं– यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में शामिल हुआ सारनाथ।

आज अखबार लिखता है– विशिष्ट विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति होंगे मुख्यमंत्री।

———————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में देश और विदेश के लोगों से अपने विचार साझा करेंगे।

02. केन्द्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी को शिक्षा मंत्रालय का मिला प्रभार। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा स्वीकार किया।

03. प्रदेश में बसेरा–दो अभियान के अन्तर्गत पांच हजार चार सौ छियालीस भूमिहीन परिवारों के बीच वासगीत पर्चा वितरित।

04. और, देश आज करगिल विजय दिवस मना रहा है। राजधानी पटना समेत प्रदेश के अलग–अलग हिस्सों में शहीदों को दी जा रही है श्रद्धांजलि।

———————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।